# अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2009

00345

## पी.जी.डी.टी.-1 : अनुवाद सिद्धांत और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

1. अनुवाद की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 20

*अथवा*

अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद करते समय किस तरह की समस्याएँ अक्सर सामने आती हैं? उनका समाधान किस तरह करना होता है?

2. अनुवाद में दो भाषाओं की संरचनागत एवं अर्थगत समानताओं और विषमताओं का तुलनात्मक तथा व्यतिरेकी विश्लेषण किया जाता है, फिर लक्ष्य भाषा के अनुरूप उसे प्रस्तुत किया जाता है। सोदाहरण उत्तर दीजिए। 20

*अथवा*

पुनरीक्षण क्या होता है? इसकी प्रक्रिया और महत्व पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणी लिखिए : **2x10=20**

(a) आशु अनुवाद।

(b) कम्प्यूटर कोश।

(c) संस्कृति के विकास में अनुवाद की भूमिका।

(d) लिप्यंतरण।

(e) अनुवाद - समीक्षा।

4. हिंदी में अनुवाद कीजिए : **5x2=10**

To pass the buck.

To fish in troubled waters.

To come off with flying colours.

To build castles in the air.

To get rid off.

***अथवा***

निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Barking dogs seldom bite. | नाच न जाने आँगन टेढ़ा। |
| (b) | A rolling stone gathers no moss. | का बरसा जब कृषी सुखाने। |
| (c) | A bad workman quarrels with his tools. | जो गरजते हैं वो बरसते नही। |
| (d) | After death the doctor. | लुढ़कता लोटा ठहरता नहीं। |
| (e) | Cheap buyer takes bad meal. | सस्ता रोए बारबार महँगा रोए एकबार। |

5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 10

(a) एक भाषा के शब्दों के पर्याय दूसरी भाषा में देने वाला शब्दकोश ........... कहलाता है।

(b) मौखिक अनुवाद को .......... अनुवाद कहते हैं।

(c) अनुवादक को .......... दोनों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

(d) अच्छा अनुवादक वही है जो ........ विचारों और भावों को सुरक्षित रख सके।

(e) उमर खैय्याम की रूबाइयों का सर्वाधिक प्रसिद्ध हिंदी अनुवाद ...... .. का है।

***अथवा***

निम्नलिखित शब्दों को कोश के क्रम में लिखिए :

अनार, अंगूर, अकेला, अपूर्व, असर, अर्जुन, अकाल, अक्सर, अटल, अपेक्षा

pen, people, popular, power, principal, promotion, parliament, permission, punctual, paradise, probation

6. निम्नलिखित का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

(a) Chinese state media said on wednesday that the temperatures in China will rise significantly (काफी ज्यादा) in coming decades (दशकों) and water shortages will worsen. The media was quoting the Government's first national assessment of global climate change. Compared with 2000, the annual average temperature in China will rise by as much as 3.3 degree celsius by 2050, Xinhua news agency reported.

The assessment report notes that although north China is expected to have more days of rain, water shortage will increase. Typhoons and other types of extreme weather will also hit China more often.

**अथवा**

Benjamin Franklin, the American Statesman (राजनेता) and diplomat, was a multifacet (बहुमुखी) personality. He was a writer, philosopher, printer, philanthropist, (लोकोपकारक) scientist and inventor. One of the founding father of United States of America, who helped draft the American Declaration of Independance, Franklin started the first public library in America, The first city post office, the first fire department and the first city hospital.

He invented bifocal eyeglasses and the lightning rod. He first identified lightning as an electrical charge. Benjamin became famous as the publisher of the newspaper 'Poor Richard's Almanac, which contained his witty sayings like the world-famous. "Early to bed and early to rise, makes a man healthy-wealthy and wise."

7. निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : **10**

(a) तिब्बत की राजधानी ल्हासा में बौद्ध भिक्षुओं और सैनिकों के बीच शुक्रवार को हुए संघर्ष के दौरान बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। बड़ी संख्या में दुकानों और वाहनों

को आग लगा दी गई। पिछले दो दशकों में चीनी शासन के खिलाफ इसे सबसे बड़ा विरोध माना जा रहा है जिसे कड़ाई से कुचला गया। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और जर्मनी ने इस पर गहरी चिंता जताई है। बौद्ध भिक्षु चीनी कम्यूनिस्ट सरकार के खिलाफ ल्हासा में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे

न्यूयार्क टाइम्स में शुक्रवार को छपी खबर के मुताबिक अगस्त में होने वाले बेजिंग ओलम्पिक खेलों को देखते हुए चीन पूरी दुनिया से सद्भावना हासिल करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन ऐसी घटनाओं से मानवाधिकारों के मुद्दे पर उसकी आलोचना हो रही है।

***अथवा***

मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने कहा कि नर्सों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए दिल्ली सरकार नर्सिंग सेवा निदेशालय बनाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिल्ली नर्स यूनियन के सम्मान समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि नर्सों के स्नेहपूर्ण व्यवहार से मरीजों को इलाज के दौरान काफी आत्म-विश्वास मिलता है। दिल्ली के अस्पतालों में मरीजों की बड़ी तादाद के चलते नर्सों पर काफी दबाव रहता है। किंतु इस दबाव के बावजूद वे अपनी ड्यूटी निभाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनकी समस्याओं के हल के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। केंद्र सरकार इस ओर ध्यान दे रही है। पूरे देश में अधिक से अधिक नर्सिंग कालेज खोलने पर जोर दिया जा रहा है।

-oOo-